web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, रविवार 03 फरवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-125

## डॉन रवि पुजारी नाई की शॉप से हुआ गिरफ्तार

अहमदाबाद (आरएनएस)। साउथ अफ्रीकी देश सेनेगल में गैंगस्टर रवि पुजारी को नाटकीय अंदाज में गिरफ्तार किया गया था। भारत में 200 से अधिक मामलों में वॉन्टेड पुजारी को 21 जनवरी को सेनेगल की राजधानी डकार में एक नाई की दुकान से दबोचा गया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री ऑफिस से दी गई जानकारी के अनुसार इस गैंगस्टर को पकड़ने के लिए काफी सतर्कता बरती गई। सेनेगल से तीन बसों में पुलिस टीम पहुंची और चारों तरफ से घेरकर उसे पकड़ा।

### 3 बसों में आई पुलिस



**पुजारी को पकड़ने 3 बसों में आई पुलिस**

पुजारी की गिरफ्तारी मुंबई में फिल्म इंडस्ट्री के लिए भी राहत की खबर है। लंबे समय से उसने इंडस्ट्री के कई लोगों को धमकियां दी थीं। उसने कइयों पर हमला भी किया था। मुंबई के जेसीपी आशुतोष डुम्बारे ने कहा कि हमारे पास उसकी गिरफ्तारी की पक्की खबर है और उसके खिलाफ हमारे पास काफी सबूत हैं और हम मजबूत केस तैयार कर रहे हैं। पुजारी के लिए इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया जा चुका था, लेकिन वह लंबे समय से फरार चल रहा था।

**अफ्रीका में चला रहा था रेस्तरां की चेन**

पुजारी ने साउथ अफ्रीका में अपना अच्छा कारोबार फैला लिया था और कई अफ्रीकी देशों में उसके रेस्टॉरेंट की चेन चल रही है। इनमें गुएना, बुर्किना, फासो और आइवरी कोस्ट जैसे देश शामिल हैं। कर्नाटक पुलिस ने बताया कि आइवरी कोस्ट में उसके रहने के दौरान हमारे पास उसके बारे में कुछ सूचनाएं थीं, लेकिन फिर वह अचानक गायब हो गया।

हालांकि, इंटेलिजेंस एजेंसी, कर्नाटक पुलिस और गुजरात एटीएस लगातार अफ्रीकी प्रशासन से संपर्क में थी और पुजारी पर नजर रखी जा रही थी। पुजारी की गिरफ्तारी को लेकर भी अलग-अलग जांच एजेंसी अपने दावे कर रही हैं। इस कुख्यात डॉन की गिरफ्तारी का क्रेडिट लेने की इच्छा सबकी है।

## राष्ट्र को समर्पित करेंगे रेलवे के कई प्रॉजेक्ट

### पीएम की पश्चिम बंगाल में दो रैली

नई दिल्ली (आरएनएस)। बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह के बाद अब पीएम नरेंद्र मोदी आज पश्चिम बंगाल पहुंच गए हैं। वह दुर्गापुर और उत्तर 24 परगना जिले में रैली करेंगे। इसे पश्चिम बंगाल में पीएम के चुनाव अभियान के तौर पर देखा जा रहा है। इससे पहले पीएम ने शुक्रवार को ट्वीट कर बताया, कल पश्चिम बंगाल की बहनों और भाइयों के बीच मुझे रहने कहा अवसर मिलेगा। बीजेपी पश्चिम बंगाल की ठाकुरनगर और दुर्गापुर रैली में लोगों से बात करूंगा।

पीएम ने बताया कि वह इस दौरान दुर्गापुर में अंदाल-सैंथिया-पकुर-मालदा और खाना-सैंथिया के इलेक्ट्रिफिकेशन और हिजली-नारायणगढ़ की थर्ड लाइन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। पीएम ने कहा कि यह कार्य पूर्व और उत्तर पूर्व के ट्रांसपोर्ट सेक्टर को मजबूती प्रदान करेगा।

**रैली से पहले पोस्टर वॉर**

पीएम की रैली से पहले बीजेपी और सत्ताधारी टीएमसी के बीच जबरदस्त पोस्टर वॉर देखने को मिली। दुर्गापुर में पीएम नरेंद्र मोदी के बैनर्स पर राज्य सीएम ममता बनर्जी की होर्डिंग्स लगाने का मामला सामने आया है। इसके अलावा कई जगहों पर पीएम मोदी के पोस्टरों पर कालिख पोतने की भी खबरें आई हैं। बीजेपी ने इसका आरोप टीएमसी कार्यकर्ताओं पर लगाया है।

## पीएम मोदी के बैनरों पर लगाए ममता के होर्डिंग, मामला दर्ज



कोलकाता (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती उत्तर 24 परगना जिला और औद्योगिक नगर दुर्गापुर में रैलियों के साथ आगामी लोकसभा चुनावों के लिए राज्य में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रचार अभियान की शुरुआत करने जा रहे हैं। इससे पहले शुक्रवार को दुर्गापुर में पीएम नरेंद्र मोदी के बैनर्स पर राज्य सीएम ममता बनर्जी की होर्डिंग्स लगाने का मामला सामने आया है। इसे लेकर स्थानीय बीजेपी द्वारा पुलिस में शिकायत भी दर्ज करवाई गई है।

जानकारी देते हुए बीजेपी नेता राहुल सिन्हा ने बताया कि दुर्गापुर में जहां पीएम मोदी की रैली होनी है, उससे 50-70 मीटर की दूरी पर लगाए गए पीएम मोदी के बैनर्स पर सीएम ममता बनर्जी की होर्डिंग्स लगा दी गई हैं। राहुल ने कहा कि यह साबित करता है कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र न के बराबर रह गया है। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यातों ने जब इसका विरोध किया तो उनपर हमला भी किया गया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### 16 फरवरी तक रॉबर्ट वाड्रा को दी अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। पटियाला हाउस कोर्ट ने 16 फरवरी तक रॉबर्ट वाड्रा को दी अंतरिम जमानत।

### भुवनेश्वर के अपोलो अस्पताल में लगी आग, फायर ब्रिगेड की गाड़िया मौजूद

ओडिशा। आज से पहले भुवनेश्वर के अपोलो अस्पताल में आग लग गई। आग बुझाने के लिए तीन फायर टेंडर मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### गरीब से गरीब एक चाय बेचने वाले को पीएम बनाती है बीजेपी - अमित शाह

नई दिल्ली। बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह देहरादून में त्रिशक्ति सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे हैं। अमित शाह ने कहा- भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के आधार पर चुनाव जीतती है, भाजपा का कार्यकर्ता मुश्किल से मुश्किल चुनाव को भी प्रचंड विजय में बदलने की ताकत रखता है, देश भर की ज्यादातर पार्टियों में पार्टी अध्यक्ष और प्रधानमंत्री वंशवाद की परंपरा के अनुसार तय होते हैं। लेकिन भाजपा एक गरीब को देश का प्रधानमंत्री बनाती है। ये हमारी पार्टी की विशेषता है, केंद्र में नरेन्द्र मोदी जी की सरकार और उत्तराखंड में त्रिवेंद्र रावत जी की सरकार है, ये दोनों सरकारों ने फास्ट ट्रैक पर उत्तराखंड के विकास को आगे बढ़ाने का काम किया है।

### बालको साइडिंग में मालगाड़ी की चपेट में आया युवक, इलाज के दौरान तोड़ा दम

कोरबा। एचडीबीसी बैंक के सामने ट्रांसपोर्ट नगर के पास बालको साइडिंग में मालगाड़ी की चपेट में आकर बुरी तरह जख्मी हुए शख्स ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। आज सुबह करीब 11.30 में वह पटरियों पर लहूलुहान हालत में था। मालगाड़ी उसके पैरो से होकर गुजर गई थी और उसका दाहिना पैर कटकर अलग हो चुका था। घटना के दौरान वहां से गुजर रहे ट्रैफिक एएसआई वैभव तिवारी ने घायल शख्स को तत्काल ही एक पुलिस वाहन से जिला अस्पताल रवाना किया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। गंभीर चोट पर जख्मी हुए और फिर दम तोड़ने वाले अधेड़ की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजकीय विमान से लखनऊ रवाना हुए

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजकीय विमान से उत्तर प्रदेश के लखनऊ रवाना हो गए हैं। वे बाराबंकी में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे शाम 6 बजे अमौसी हवाई अड्डे से नई दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे। इसके अलावा भी मुख्यमंत्री के कई दूसरे कार्यक्रम हैं। ये जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय के जानकार सूत्रों ने दी।

### अज्ञात कारणों से युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बालोद। जिले के ग्राम खपरी मालीघोरी अपने ससुराल गए एक युवक ने शनिवार की सुबह 10 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद काफी मशक्कत के बाद मृतक की शिनाख्त हो पाई। मिली जानकारी के अनुसार खिलावन पटेल पिता बालाराम पटेल उम्र 32 वर्ष निवासी चिचबोड थाना रनचिराई का निवासी है। जो खपरी (मालीघोरी) का दामाद है। लोगों का कहना है कि मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।

### श्रमदान करके किसान खुद से बना रहे हैं नहर

पत्थलगांव। ग्राम पंचायत चंदागढ के उपरपारा स्टॉप डैम से कृषक अपने खेतों तक पानी ले जाने के लिए इन दिनो श्रमदान कर नहर का निर्माण कर रहे हैं। इन किसानो की माने तो रवि की फसल की पैदावार करने के लिए पानी की कमी होने के कारण इनके द्वारा स्टॉप डैम से अपने खेतो तक एक कच्ची नहर का निर्माण किया जा रहा है। इस काम मे एक दर्जन से भी अधिक कृषक दिन रात अपना श्रम दान कर रहे हैं।

## बयान से मुकर गई छात्रा, कोर्ट ने सुनाई 3 साल की कैद

जींद (आरएनएस)। हरियाणा में सोनीपत की एसीजेएम अदालत ने सामूहिक दुष्कर्म के मामले में कोर्ट में बयान बदलने वाली छात्रा को 3 साल कैद व 5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी। छात्रा के कोर्ट में बयान बदलने पर कोर्ट के निर्देश पर उसके खिलाफ धारा 193 के तहत कार्रवाई की गई थी जिसमें अब यह फैसला आया है।

सोनीपत में एक विश्वविद्यालय की बी. ए. एलएल.बी. (5 वर्षीय पाठ्यक्रम) की प्रथम वर्ष की छात्रा का अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया था। 18 मई, 2012 को दर्ज हुए मुकदमे में दिल्ली के एक गांव की रहने वाली छात्रा ने पुलिस को बताया था कि वह विश्वविद्यालय के छात्रावास में रहती है।

## बैंकॉक में स्मॉग : लोगों की आंख, नाक और कान से खून निकलना शुरू हो चुका है

नई दिल्ली। कुछ दिनों पहले आपको याद होगा दिल्ली, नोएडा, गुड़गांव में स्मॉग का कहर था. स्मॉग के कारण लोगों को सांस लेने में काफी परेशानी हो रही थी. स्मॉग के खतरनाक लेवल को देखते हुए डॉक्टरों ने लोगों को मॉर्निंग वॉक, जॉगिंग यहां तक के लिए धूप निकलने तक घर से बाहर जाने के लिए एहतियात बरतने को कहा था. स्मॉग के कहर से बचने के लिए लोग पॉल्यूशन मास्क पहनकर घूम रहे थे.दिल्ली के पॉल्यूशन ने बेशक से लोगों को राहत मिल गई हो, लेकिन इस दुनिया में कई सारे ऐसे देश हैं जो इसका कहर अब भी झेल रहे हैं. बैंकॉक में स्मॉग का सामना कर रहे लोगों की आंख, नाक और कान से खून निकलना शुरू हो चुका है. आंखों से खून, नाक से खून यहां तक की स्मॉग मास्क पहनने के बाद भी प्रदूषण का असर लोगों के जीवन पर पड़ने की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है.



## अगले लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार पर होगी सर्जिकल स्ट्राइक : राहुल

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में किसान, रोजगार, संस्थाओं पर हमले, नोटबंदी और भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार पर सर्जिकल स्ट्राइक होने जा रही है। गांधी ने बजट में सरकार द्वारा घोषित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के संदर्भ में आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने किसानों को प्रतिदिन 17 रुपये देने का प्रावधान कर उनका अपमान किया है।



ईवीएम के मुद्दे पर विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक के बाद गांधी ने एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, चुनाव किसान के मुद्दे पर, रोजगार के मुद्दे पर और संस्थाओं पर हमले के मुद्दे पर होगा। प्रधानमंत्री के भ्रष्टाचार और राफेल मामले पर चुनाव होगा।

उन्होंने कहा, अगले कुछ महीनों में मोदी और उनकी सरकार पर राफेल, नौकरियों और नोटबंदी जैसे मुद्दों सर्जिकल स्ट्राइक होने जा रही है। गांधी ने कहा, हमारे पास कई मुद्दे हैं। भ्रष्टाचार बहुत बड़ा मुद्दा है। बजट में घोषित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना पर गांधी ने कहा, आप (सरकार) 15 लोगों का साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये माफ कर सकते हो और किसान को दिन के 17 रुपये देते हो। यह अपमान नहीं है तो और क्या है?

## दोस्त को काटकर उसका खून पीने वाला शख्स डॉक्टर के वेष में गिरफ्तार


नई दिल्ली। रूस में एक व्यक्ति को फर्जी दस्तावेजों के साथ 10 साल से एक अस्पताल में डॉक्टर का काम करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मामले की पड़ताल की तो पता चला कि बचपन में आरोपी शख्स ने हाईस्कूल के अपने क्लासमेट की हत्या की थी और उसका खून पिया था। अब वह पिछले 10 साल से फर्जी दस्तावेजों के जरिए एक अस्पताल में साइकियाट्रिक (मनोरोग विशेषज्ञ) के रूप में काम कर रहा था।



## आयकर छूट सीमा बढ़ाए जाने से कर्मचारी खुश

रुडकी (आरएनएस)। आयकर छूट सीमा को पांच लाख तक करने का कर्मचारी वर्ग ने स्वागत किया है। सरकार ने बजट में आयकर छूट सीमा बढ़ाने के साथ कुछ और छूट भी दी है। जिसमें होम लोन लेने पर नौ लाख तक पर टैक्स छूट दी गई है। शुक्रवार को पेश हुए बजट में कर्मचारियों और मध्यम वर्ग की सबसे बड़ी मांग आयकर छूट की सीमा बढ़ाने की पूरी हुई। पिछले बजट में भी कर्मचारी और नौकरीपेशा मध्यम वर्ग के लोग इसकी उम्मीद कर रहे थे। चुनावी साल में आए अंतरिम बजट में इसका लाभ दिया गया। पांच लाख तक की छूट देने के साथ ही 1.50 लाख तक निवेश पर टैक्स छूट दी गई है। डिपाजिट पर चालीस हजार के ब्याज पर टैक्स की छूट मिली है। जिन्होंने होम लोन लिया है उन्हें नौ लाख तक के टैक्स पर छूट मिलेगी। कर्मचारियों और मध्यम वर्ग के लोगों ने पांच लाख तक की आय पर टैक्स छूट का स्वागत किया है। 000टैक्स छूट की सीमा बढ़ाने का स्वागत किया है।

## प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिमी पर अगले और 5 साल के लिए बैन



नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर बैन को गृह मंत्रालय ने जारी रखा है। मंत्रालय ने संगठन को राष्ट्र के लिए खतरा मानते हुए अगले और 5 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया। इससे पहले 2014 में भी सरकार ने पहले से चल रहे बैन को जारी रखने का फैसला किया था। सिमी के आतंकियों ने पूर्व में आतंकी और हिंसक वारदात अंजाम दे चुका है।

गृह मंत्रालय के अनुसार, प्रतिबंधित संगठन सिमी भविष्य में भी देश की सुरक्षा के लिए खतरा हो सकता है। सिमी के जरिए देश के सांप्रदायिक सद्भाव को चोट पहुंचाने की आशंका है। इस संगठन को अगले और 5 साल के लिए प्रतिबंधित किया जाता है। आतंकी गतिविधियों में शामिल होने और आतंकी संगठनों के साथ संबंध होने के आधार पर 2001 में सरकार ने सिमी को प्रतिबंधित संगठन करार दिया था।

2008 में एक विशेष न्याय अधिकार के आधार पर सिमी पर से प्रतिबंध हटा दिया गया था। हालांकि, कुछ ही दिन में इस फैसले को फिर से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती मिली और कुछ दिन बाद ही यह प्रतिबंध फिर लागू हो गया। 2014 में केंद्र सरकार ने फिर से सिमी को अगले 5 साल के लिए बैन कर दिया।

## ग्वाटेमाला में 6.5 तीव्रता के भूकंप के झटके, 3 राजमार्ग बंद

नई दिल्ली। मेक्सिको और ग्वाटेमाला में 6.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिसमें तीन लोग घायल हुए हैं और कई इमारतों में क्षतिग्रस्त हुई हैं. मेक्सिको की राष्ट्रीय भूविज्ञान सेवा ने बताया कि मेक्सिको-ग्वाटेमाला सीमा के पास शुक्रवार को भूकंप आया. इसका केन्द्र मेक्सिको के चियापास राज्य से 37 किलोमीटर (23 मील) दूर दक्षिण-पश्चिम में सियुडैड हिडाल्गो के पास 62 किलोमीटर की गहराई पर था.




**तीन राजमार्गों को किया गया बंद: अधिकारी**

अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से पत्थर गिरने से ग्वाटेमाला में तीन राजमार्ग बंद हो गए और कम से कम तीन लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं.

**इन इलाकों में भी महसूस किए गए झटके**

भूकंप के झटके अल सल्वाडोर और मेक्सिको सिटी तक महसूस किए गए. हालांकि मेक्सिको की राजधानी में कई ऊंची इमारतें झुक गईं और हजारों लोगों को वहां से निकाला गया. चियापास में भूकंप के केन्द्र के पास तेज झटके महसूस किए गए लेकिन मेक्सिको की ओर की सीमा में किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है.

## पेट्रोल 10 पैसे प्रति लीटर सस्ता, डीजल के दाम स्थिर

नई दिल्ली। ट्रोल के दाम में शनिवार को लगातार तीसरे दिन




गिरावट आई, लेकिन डीजल के दाम स्थिर रहे। तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल के दाम में फिर 10 पैसे प्रति लीटर की कटौती की है। दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में शनिवार को पेट्रोल की कीमतें घटकर क्रमशः 70.84 रुपये, 72.94 रुपये, 76.47 रुपये और 73.54 रुपये प्रति लीटर हो गई हैं. चारों महानगरों में डीजल के भाव क्रमशः 65.71 रुपये, 67.49 रुपये, 68.81 रुपये और 69.41 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहे।

## स्वाइन फ्लू का कहर जारी, अब तक 16 लोगों की मौत

देहरादून (आरएनएस)। सूबे में स्वाइन फ्लू का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब प्रदेश में स्वाइन फ्लू से मरने वालों का आंकड़ा 16 पहुंच गया है। महंत इंद्रेश अस्पताल में भर्ती 41 वर्षीय गुमानीवाला देहरादून निवासी की शुक्रवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। सूबे में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वाइन फ्लू की रोकथाम के सारे प्रयास बेअसर साबित हो रहे हैं। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग ने सभी अस्पतालों को स्वाइन फ्लू के चलते कई तरह के दिशा निर्देश दिए हुए हैं। इन अस्पतालों को अलग से आइसोलेशन वार्ड बनाने को कहा गया है। साथ ही लोगों से भीड़भाड़ वाले स्थानों में ना जाने की अपील भी की जा रही है।

## भाजपा ने चुनावी बजट में कुछ नए वादे और जुमले उछाल दिए -अखिलेश

लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केन्द्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि एक साल के बजट में दस साल आगे की झूठी बात है। बहुसंख्यक भूमिहीन किसानों एवं श्रमिकों के लिए इसमें कुछ भी राहत नहीं है। लोकसभा चुनावों को सिर पर देखकर भाजपा ने लोकलुभावन बजट बनाकर मतदाताओं को गुमराह करने का काम किया है.भाजपा की केन्द्र सरकार को जनता की नहीं, केवल वोट बटोरने की फिक्र है।

